पर्यावरण की सुरक्षा के लिए काम

स्टॉर्मवाटर तालाब की संभाल

आपके स्टॉर्मवाटर के चार्ज को इस तरह काम में लाया जाता है

अधिक विवरणों के लिए,
brampton.ca/stormwater
पर जाएं

इस प्रोजेक्ट के बारे में अधिक जानकारी के लिए,
पब्लिक वर्क्स एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट को

311

पर फोन करें

BRAMPTON

स्टॉर्मवाटर तालाब क्या करते हैं?

स्टॉर्मवाटर, जिसे रनऑफ भी कहा जाता है, वर्षा और पिघली हुई बर्फ है, जो हमारी प्रॉपर्टीज से हमारी सड़कों में बहकर, सिटी के स्टॉर्मवाटर निकासी सिस्टम में जाती है।

स्टॉर्मवाटर निकासी सिस्टम के द्वारा एकत्र किए गए रनऑफ को सीधे, नदी या स्ट्रीम में या स्टॉर्मवाटर तालाब में लाया जाता है।

स्टॉर्मवाटर तालाब का निर्माण, रनऑफ प्राप्त करने और इसे अस्थायी तौर पर स्टोर करने के लिए किया जाता है। तालाब के पानी को बाद में धीरे-धीरे रिलीज किया जाता है, ताकि यह बाढ़ या भूक्षरण का कारण न बने।

स्टॉर्मवाटर तालाब, लोकल खाड़ियों और नदियों की सुरक्षा में भी मदद करते हैं, क्योंकि स्टॉर्मवाटर रनऑफ में आने वाले संदूषित पदार्थ तालाब के तल पर गिरते हैं, जिसके परिणामस्वरूप साफ पानी पर्यावरण में छोड़ा जाता है।

तालाब के रखरखाव (सफाई) में तालाब के तल से संचित दूषित पदार्थों को निकालना शामिल है ताकि तालाब स्थानीय खाड़ियों और नदियों की रक्षा करता रहे।

इस प्रकार की सफाई हर 5 से 15 साल में एक बार होती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि किसी विशेष तालाब में कितनी जल्दी तलछट जमा हो जाती है।